

**बाजार** जम्मू में दिवाली के त्योहार के लिए दुकान सजाता एक दुकानदार।

# बिहार में सात लाख से अधिक मतदाताओं ने चुना नोटा

नई दिल्ली, 11 नवंबर (भाषा)।

बिहार में सात लाख से अधिक मतदाताओं ने विधानसभा चुनावों में 'इनमें से कोई नहीं' या नोटा का विकल्प चुना। यह जानकारी चुनाव आयोग ने दी। बिहार में बुधवार को नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग फिर से सत्ता में लौट आई।

सत्तारूढ़ गठबंधन ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 125 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि विपक्षी महागठबंधन को 110 सीटें हासिल हुईं, जिससे कुमार लगातार चौथी बार बिहार की सत्ता संभालेंगे। चुनाव आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सात लाख छह हजार 252 लोगों ने या 1.7 फीसदी मतदाताओं ने नोटा के विकल्प को चुना, जिसके तहत उन्होंने किसी भी उम्मीदवार को पसंद नहीं किया। ीन चरणों में हुए विधानसभा चुनावों में चार करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं में से 57.07 फीसदी ने मतदान किया था।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में 'नोटा' का विकल्प 2013 में शुरू किया गया था, जिसका चुनाव चिह्न बैलेट पेपर है जिस पर काले रंग का क्रॉस लगा होता है। उच्चतम न्यायालय के सितंबर 2013 के एक आदेश के बाद चुनाव आयोग ने ईवीएम में नोटा का बटन जोड़ा, जिसे वोटिंग पैनल पर सबसे अंतिम विकल्प रखा जाता है।

उच्चतम न्यायालय के आदेश से पहले जो लोग किसी उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहते थे, उनके पास एक फॉर्म भरने का विकल्प होता था जिसे 'फॉर्म 49-ड' कहा जाता था।हालांकि, इस फॉर्म को भरने से मतदान की गोपनीयता के कानून का उल्लंघन होता था। बहरहाल, उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को यह आदेश देने से मना कर दिया कि अगर अधिकतर मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना तो फिर से चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में कई सीटों पर उम्मीदवारों के जीत के अंतर से ज्यादा वोट नोटा को पड़े।

## समझदार व्यक्ति को बिहार चुनाव से सबक लेना चाहिए : शेलार

मुंबई, 11 नवंबर (भाषा)।

भाजपा नेता आशीष शेलार ने बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के संदर्भ में महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ सरकार चला रही शिवसेना और ठाकरे पिता-पुत्र पर बुधवार को निशाना साधा।

शेलार ने ट्वीट किया कि बिहार की जनता ने कांग्रेस से हाथ मिलने वाले जंगलराज के युवराज को नकार दिया। इसी प्रकार यहां महाराष्ट्र में एक युवराज ने जंगल के प्रति प्रेम दर्शाते हुए भ्रष्ट कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया।

## राजस्थान में जिला परिषद, पंचायत समिति चुनाव के लिए 12,663 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

जयपुर, 11 नवंबर (भाषा)।

राजस्थान के 21 जिलों में 636 जिला परिषद सदस्यों और 4,371 पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में अब 1,778 उम्मीदवार जिला परिषद सदस्य पद के लिए और 12,663 उम्मीदवार पंचायत समिति सदस्य पद के लिए मैदान में रह गए हैं।

राज्य के चुनाव आयुक्त पीएस मेहरा ने बताया कि 636 जिला परिषद सदस्यों के लिए 2,545 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। 13 सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए। नामांकन रद्द होने व नामांकन वापस लिए जाने के बाद अब जिला परिषद सदस्यों के लिए 1,778 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं।इसी तरह 4,371 पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 19,077 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें से 40 सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए, जबकि नामांकन रद्द होने और नाम वापसी के बाद अब पंचायत समिति सदस्यों के लिए 12,663 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण के लिए 23 नवंबर, दूसरे चरण के लिए 27 नवंबर, तीसरे चरण के लिए एक दिसंबर और चौथे चरण के लिए 5 दिसंबर को मतदान होगा। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। इसी तरह प्रधान या प्रमुख का चुनाव 10 दिसंबर और उपप्रधान या उपप्रमुख के लिए 11 दिसंबर को चुनाव होगा।

चुनाव आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के अजमेर, चूरू, नागौर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, पाली, बाड़मेर, हनुमानगढ़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, जैसलमेर, राजसमंद, बीकानेर, जालौर, सीकर, बूंदी, झालावाड़, टोंक, चित्तौड़गढ़, झुंझुनूं और उदयपुर जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में 2,41,87,946 मतदाता वोट डाल सकेंगे।

## लोगों का ईवीएम में विश्वास नहीं : प्रकाश आंबेडकर

औरंगाबाद (महाराष्ट्र), 11 नवंबर (भाषा)।

वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के नेता प्रकाश आंबेडकर ने बुधवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में लोगों का विश्वास नहीं रहा, इसलिए मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आंबेडकर ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने वाली कई पार्टियों ने कदाचार का आरोप लगाया है।

उन्होंने राजग को कड़ी टक्कर देने के लिए युवा नेता तेजस्वी यादव की खूब प्रशंसा की। बिहार चुनाव के नतीजों का ऐलान मंगलवार को हुआ। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में लोग अब ईवीएम पर यकीन नहीं करते। उनका आरोप है कि इन मशीनों के साथ आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती है और हैक किया जा सकता है। बिहार चुनाव पर आंबेडकर ने कहा कि तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग के अन्य वरिष्ठ नेताओं को कड़ी टक्कर दी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव का नतीजा दिखाता है कि आम मतदाता की दिलचस्पी हिंदुत्व के एजेंडे में धर्म की राजनीति में नहीं है। इसलिए किसी भी एक दल को बहुमत नहीं मिला है। बिहार के मतदाताओं ने भारत की भविष्य की राजनीति को एक नई दिशा दी है।

## शाह ने चुनाव में जीत के लिए नड्डा को बधाई दी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 नवंबर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव में जीत और विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में मिली शानदार सफलता के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

शाह ने ट्वीट कर कहा, 'बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न प्रदेशों के उपचुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर जाकर उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता देश के समग्र विकास के लिए समर्पित हैं।'

बिहार विधानसभा चुनाव में बेहद रोमांचक मुकाबले में विपक्ष की कड़ी चुनौती का मुकाबला करते हुए नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 243 सीटों में से 125 सीटों पर जीत का परचम लहरा कर बहुमत का जादुई आंकड़ा हासिल कर लिया जबकि महागठबंधन के खाते में 110 सीटें आईं। भाजपा 74 सीटों के साथ दूसरे सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई है। भाजपा का अध्यक्ष बनने के बाद किसी विधानसभा चुनाव में नड्डा के नेतृत्व में मिली पार्टी को मिली यह पहली जीत है।

नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ा था, जहां उसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों में भी भाजपा को शानदान सफलता मिली।

## बंगाल में जीपीसी से पटाखे जलाने वालों का पता लगाएगी पुलिस

कोलकाता, 11 नवंबर (भाषा)।

कोरोना महामारी और प्रदूषण की वजह से देश के कई राज्यों में पटाखों की बिक्री और जलाने पर प्रतिबंध है। पश्चिम बंगाल में भी पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध है। ऐसे में चोरी-छुपे पटाखे जलाने वालों को पकड़ना पुलिस के लिए आसान नहीं है, लेकिन बंगाल पुलिस ने इसका तोड़ निकालते हुए जीपीएस आधारित उपकरणों की मदद से पटाखे जलाने वालों का पता लगाने की रणनीति बनाई है।

पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूबीपीसीबी) काली पूजा के दौरान आतिशबाजी पर पाबंदी का उल्लंघन करने वाले लोगों का पता लगाने के लिए थानों में जीपीएस आधारित 1000 निगरानी उपकरण बांट रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष कल्याण रूद्र ने बुधवार को कहा, 'ये उपकरण कोलकाता एवं पश्चिम बंगाल पुलिस को पटाखे फोड़े जाने वाली जगह एवं ऐसा करने वालों का पता लगाने में मदद करेंगे।' इस उपकरण के डिस्प्ले बोर्ड पर पटाखे फोड़े जाने की जगह, तारीख एवं समय तथा डेसीबल स्तर दिख जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमने पुलिस को इन उपकरणों को चलाना सिखाया है। हर क्षेत्र में डब्ल्यूबीपीसीबी की टीम स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ समन्वय करेगी और जरूरत पड़ने पर सहायता करेगी।' कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कालीपूजा और अन्य आगामी त्योहारों के दौरान पटाखों की बिक्री एवं उपयोग पर पाबंदी लगा दी है।

## पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगने पर कपड़ा आयुक्त का निजी सहायक पकड़ाया

नागपुर, 11 नवंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के नागपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कथित रूप से पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगने को लेकर कपड़ा आयुक्त के निजी सहायक को पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक विज्ञप्ति के अनुसार, शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया एवं कपड़ा आयुक्त के निजी सहायक नितिन सुरेश वर्मा को रिश्वत की रकम मांगते हुए पकड़ा।

एसीबी के मुताबिक एक निजी सुरक्षा कंपनी के मालिक ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने विनकार को-ऑपरेटिव स्पीनिंग मिल में आठ सुरक्षा गार्ड तैनात किए थे और यह कारखाना सहकारी विपणन एवं कपड़ा विभाग के अंतर्गत आता है। सुरक्षा कंपनी के मालिक के अनुसार, उसे अक्टूबर, 2015 से मार्च, 2019 की सेवा अवधि के लिए 34.55 लाख रुपए का चेक मिला था जबकि दिसंबर, 2019 से अगस्त, 2020 की अवधि का 9.46 लाख रुपए का बिल लंबित था।

शिकायतकर्ता के मुताबिक जब वह लंबित बिल को मंजूरी के सिलसिले में सिविल लाइंस में कपड़ा आयुक्त कार्यालय पहुंचा तब वर्मा ने कथित रूप से सात लाख रुपए की रिश्वत मांगी और मोलभाव के बाद पांच लाख रुपए पर बात पक्की हुई। आरोपियों के खिलाफ सदर थाने में भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जयशंकर ने ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ व्यापक चर्चा की

नई दिल्ली, 11 नवंबर (भाषा)।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ब्राजील के अपने समकक्ष एर्नेस्टो अरेजो के साथ विचारों का व्यापक आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने वैश्विक मामलों में अपने सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की और कोविड-19 के बाद की दुनिया में भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार दोनों देशों के मंत्रियों ने एक ऑनलाइन बैठक में आर्थिक पुनरुद्धार प्रयासों, स्वास्थ्य देखभाल, आपूर्ति शृंखला लचीलापन, साइबर सुरक्षा और सुधार किए हुए बहुपक्षवाद में भारत-ब्राजील सहयोग के महत्व पर चर्चा की। बयान में कहा गया, 'मंत्रियों ने कोविड-19 के बाद की दुनिया में भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की और आर्थिक पुनरुद्धार प्रयासों, स्वास्थ्य देखभाल, आपूर्ति शृंखला लचीलापन, साइबर सुरक्षा और सुधार किए हुए बहुपक्षवाद में भारत-ब्राजील सहयोग के महत्व पर चर्चा की।' इसमें कहा गया कि मंत्रियों ने विचारों का व्यापक आदान-प्रदान किया और वैश्विक मामलों में अपने सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने कई क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की जिसमें विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की भारत की आगामी सदस्यता, जी4 की भूमिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की प्राथमिकताओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे।

## पूर्व नक्सली कमांडर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोंदिया, 11 नवंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की पुलिस ने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले से नक्सलियों के पूर्व कमांडर को गिरफ्तार किया है। पैंतालीस वर्षीय इस नक्सली पर 12 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी ने बुधवार को बताया कि रमेश उर्फ हिदमा मडावी को गोंदिया लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर सी-60 के आठ कमांडो के दल ने छत्तीसगढ़ पुलिस एवं सीआरपीएफ की सहायता से सुकमा जिले से रमेश को पकड़ा। उन्होंने कहा कि आरोपी 1998 से 2010 के बीच सक्रिय था और बाद में भूमिगत हो गया था। पुलिस उसे तलाश रही थी। आरोपी नक्सली 13 से अधिक मामलों में वांछित था।

## शक्तिवर्धक दवा की अत्यधिक मात्रा लेने से हुई पहलवान कुंवरपाल की मौत

मथुरा, 11 नवंबर (भाषा)।

करीब चार दशक पूर्व एशियाई चैंपियनशिप के कुश्ती मुकाबलों में रजत पदक प्राप्त करने वाले हाथरस के पहलवान कुंवरपाल सिंह की मौत शक्तिवर्धक दवा की अत्यधिक मात्रा लेने के कारण हुई। यह जानकारी मंगलवार को एसपी (शहर) उदय शंकर सिंह ने विसरा की जांच रिपोर्ट आने के बाद दी। सिंह ने कहा कि कुंवरपाल 30 अक्टूबर को अपने बेटे के साथ उसकी ससुराल राया के नुनेरा गांव गए थे। उनका पुत्र उसी दिन हाथरस लौट गया था, लेकिन कुंवरपाल वृंदावन की घोड़ा वाली बगीची में रात में रुकने के लिए चले गए थे। उसके बाद उन्हें अगली सुबह बरसाना क्षेत्र के रहेड़ा गांव में रहने वाले अपने गुरु भाई महावीर से मिलने जाना था, पर वह वहां नहीं पहुंचे और उससे पूर्व ही उनका शव थाना गोविंद नगर क्षेत्र के बाईपास लिंक रोड पर शराब के ठेके के सामने पड़ा मिला था।




**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत

**30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार**

(करोड़ रूपए में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2020 | 30.06.2020 | 30.09.2019 | 30.09.2020 | 30.09.2019 | 31.03.2020 | 30.09.2020 | 30.06.2020 | 30.09.2019 | 30.09.2020 | 30.09.2019 | 31.03.2020 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1) | प्रचालनों से कुल आय | 2,554.03 | 2,518.87 | 2,605.39 | 5,072.90 | 5,026.68 | 8,735.41 | 2,899.56 | 2,779.48 | 3,068.38 | 5,679.04 | 5,678.33 | 10,008.07 |
| 2) | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों से पूर्व ) | 1,555.58 | 1,064.91 | 1,541.76 | 2,620.49 | 2,708.60 | 3,608.17 | 1,564.46 | 1,275.49 | 1,647.05 | 2,839.95 | 2,996.19 | 3,615.22 |
| 3) | कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात ) | 1,555.58 | 879.91 | 1,541.76 | 2,435.49 | 2,708.60 | 3,608.17 | 1,564.46 | 1,090.49 | 1,647.05 | 2,654.95 | 2,996.19 | 3,615.22 |
| 4) | अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात) | | | | | | | | | | | | |
| | –कंपनी के स्वामी | 1,298.50 | 722.54 | 1,339.46 | 2,021.04 | 2,220.60 | 3,007.17 | 1,188.04 | 772.20 | 1,286.38 | 1,960.24 | 2,217.27 | 2,874.61 |
| | –अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | - | - | - | 112.36 | 83.29 | 171.30 | 195.65 | 229.68 | 450.11 |
| 5) | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय सहित (कर पश्चात)] | | | | | | | | | | | | |
| | –कंपनी के स्वामी | 1,226.77 | 733.56 | 1,307.08 | 1,960.33 | 2,173.69 | 3,006.55 | 1,116.08 | 782.98 | 1,253.96 | 1,899.06 | 2,170.29 | 2,873.02 |
| | –अनियंत्रित ब्याज | - | - | - | - | - | - | 112.13 | 83.06 | 171.27 | 195.19 | 229.62 | 449.19 |
| 6) | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/–रू प्रत्येक) | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 | 10,045.03 |
| 7) | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | | | | 21,577.67 | 20,488.73 | 19,938.78 | | | | 22,901.47 | 22,009.10 | 21,325.58 |
| 8) | शुद्ध मुल्य | | | | 31,622.70 | 30,533.76 | 29,983.81 | | | | 32,946.50 | 32,054.13 | 31,370.61 |
| 9) | प्रदत्त ऋण पूंजी | | | | 24,146.86 | 21,315.34 | 24,526.72 | | | | 24,150.08 | 21,316.70 | 24,529.29 |
| 10) | ऋण इक्विटी अनुपात | | | | 0.76 | 0.70 | 0.82 | | | | 0.73 | 0.67 | 0.78 |
| 11) | प्रति शेयर अर्जन (मूल एवं डाइल्यूटिड) (इक्विटी शेयर, अंकित मूल्य ₹10/– प्रत्येक) | | | | | | | | | | | | |
| | –विनियामक स्थगन लेखा शेष में गतिशीलता से पूर्व (₹ में) | 1.26 | 0.68 | 1.23 | 1.94 | 1.91 | 2.65 | 1.15 | 0.73 | 1.22 | 1.88 | 1.93 | 3.10 |
| | –विनियामक स्थगन लेखा शेष में गतिशीलता के पश्चात (₹ में) | 1.29 | 0.72 | 1.33 | 2.01 | 2.21 | 2.99 | 1.18 | 0.77 | 1.28 | 1.95 | 2.21 | 2.86 |
| 12) | पूंजी विमोचन आरक्षित | | | | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 | | | | 2,255.71 | 2,255.71 | 2,255.71 |
| 13) | डिबेंचर (बॉण्ड) विमोचन आरक्षित | | | | 1,948.38 | 2,193.35 | 1,948.38 | | | | 1,948.38 | 2,193.35 | 1,948.38 |
| 14) | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | | | | 4.93 | 4.86 | 3.41 | | | | 5.29 | 5.27 | 3.45 |
| 15) | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर) | | | | 9.26 | 9.60 | 7.53 | | | | 9.94 | 10.41 | 7.63 |

**नोट :**

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्स्चेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वैबसाइट : www.nseindia.com और www.bseindia.com पर एवं कंपनी की वैबसाइट : www.nhpcindia.com पर उपलब्ध है।
2. आवश्यकतानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित/पुनःव्यवस्थित किए गए हैं।

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता/-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल
निदेशक (वित्त)
डीआईएन–08645380

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 11 नवंबर 2020